बहरोड़ के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आनन्द से मनाया आनन्दम दिवस

संजय बागड़ी (बहरोड़)

शुक्रवार को बहरोड़ के श्री धर्मचन्द गांधी जैन राजकीय पीजी महाविद्यालय में आनन्दम दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अमिता सारस्वत नें किया। कार्यक्रम में आनन्दम विषय के लिए बनाए गए मेन्टोर्स ने विद्यार्थियों की डायरी चैक की एवं वार्षिक प्रोजेक्ट दिए। इन प्रोजेक्टस को गूगल फॉर्म पर अपलोड किया गया। विद्यार्थियों में से ग्रुप लीडर चुने गए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों नें स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से आनन्दम विषय के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। नोडल प्रभारी राकेश शर्मा नें बताया की आनन्दम विषय छात्रों में नैतिक मूल्य एवं सामाजिक सरोकार उत्पन्न करने का एक अच्छा माध्यम है। इसके साथ ही इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी 100 अंक भी प्राप्त कर सकते हैं जो उनके प्रतिशत में भी जुड़ेगे । इस मौके पर समस्त संकाय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. शशिलता सिंह नें सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । सम्पूर्ण कार्यक्रम में कोविड-19 के संदर्भ में सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना की गई।